पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

——————————

राज्यपाल ने संगीतकार बप्पी लाहिड़ी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

———————

लखनऊः 16 फरवरी, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सुप्रसिद्ध संगीतकार बप्पी लाहिड़ी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

आज यहां जारी अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा है कि भारतीय संगीत में बप्पी लाहिड़ी का योगदान अविस्मरणीय है। संगीत जगत में उन्होंने अनुकरणीय मानक दिए और स्वर सामंजस्य की अपनी विशिष्ट शैली स्थापित की। वे संगीत प्रेमियों के लिए एक प्रेरणा थे। उनके निधन से संगीत जगत को जो क्षति हुई है, उसे पूरा नहीं किया जा सकता।

राज्यपाल जी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति की प्रार्थना करते हुए उनके शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

——————

डॉ0 सीमा गुप्ता/राजभवन (155/09)
सम्पर्क सूत्र
8318116361